भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2571

11 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रदर्शन का आकलन

2571# . श्री गोविंदभाई लालजी भाई धोलकिया:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नीति आयोग स्वास्थ्य प्रणालियों में सुधार लाने के उद्देश्य से राज्यों के स्वास्थ्य प्रदर्शन का वार्षिक आकलन करता है;

(ख) यदि हाँ, तो नीति आयोग की नवीनतम रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले और अपेक्षाकृत कम प्रदर्शन करने वाले राज्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या नीति आयोग ने सरकारी स्वास्थ्य व्यय को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाने तथा औसत जीवन प्रत्याशा को 70 वर्ष तक पहुँचाने का सुझाव दिया है; और

(घ) यदि हाँ, तो नीति आयोग के सुझावों के आलोक में सरकार द्वारा कौन-कौन से विशिष्ट कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (घ): नीति आयोग ने स्वास्थ्य प्रणाली के प्रदर्शन पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की रैंकिंग के लिए एक वार्षिक व्यवस्थित उपकरण के रूप में, राउंड IV तक का राज्य स्वास्थ्य सूचकांक प्रकाशित किया है। इस रिपोर्ट, जिसका नाम 'हेल्दी स्टेट्स, प्रोग्रेसिव इंडिया: हेल्थ इंडेक्स राउंड IV (2019-20)' है, को दिसंबर 2021 में जारी किया गया था। इस रिपोर्ट को वेबलिंक के माध्यम से देखा जा सकता है: https://www.niti.gov.in/sites/default/files/2021-12/NITI-WB_Health_Index_Report_24-12-21.pdf।

*****